पंजाब केसरी 15/12/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन हुई खेल प्रतियोगिता

जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन आयोजित खेल प्रतियोगिता में गोला फैंकता विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 14 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में फिट इंडिया सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को शारीरिक शिक्षा विभाग तथा एन.सी.सी. गर्ल्स और ब्वॉयज विंग द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करीब 39 विद्यार्थियों तथा 41 कैडेट्स ने इसमें सक्रिय भाग लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि यह सभी गतिविधियां जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देश पर की जा रही थी, उनका आज अंतिम दिन रहा।

प्राचार्य ने खिलाड़ियों तथा विभागाध्यक्ष बृजेश गुप्ता की प्रशंसा की। इस मौके पर ए.एन.ओ. डा. एस.एस. नैन तथा सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।